मुख्यमंत्री करेंगे महिला नेतृत्व परिषद का उदघाटन

भाईंदर : ग्रामीण भारत में आत्मनिर्भर महिलाओं को मज़बूत बनाने के लिए 'विकसित भारत नारी शक्ति संगम' नामक 8 तथा 9 मार्च को ग्रामीण महिला नेतृत्व परिषद का आयोजन 8 और 9 मार्च को भाईंदर उत्तन स्थित रामभाऊ म्हालगी प्रबोधिनी और महाराष्ट्र स्टेट रूरल लाइवलीहुड इम्प्रूवमेंट मिशन (MSRLM) के साथ मिलकर किया गया है जिसका उद्घाटन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस करेंगे । विश्व महिला दिवस के मौके पर आयोजित इस कॉन्फ्रेंस में देश भर में अलग-अलग फील्ड में शानदार कामयाबी हासिल करने वाली करीब 500 ग्रामीण महिलाएं हिस्सा लेंगी जहा पर बिजनेस, इंडस्ट्री, पॉलिटिक्स और सोशल फील्ड में उनके सफल सफर को दिखाया जाएगा। साथ ही 'विकसित भारत नारी शक्ति संगम' के कार्यक्रम में कुछ खास महिलाओं के अनुभव साझा किए जाएंगे, जहा पर काजू व्यवसाय में प्रणाली गावड़े,कपड़ा व्यवसायी ज्योति तागड़े , स्वयं सहायता समूह की रेखा चव्हाण , आदर्श वार्ड प्रबंधक तथा कोकम बटर व्यवसायी जागृति पोटले जैसी महिलाओ द्वारा अपनी प्रेरणा से समाज में और अधिक नेतृत्व कैसे तैयार किया जाए ? ऐसी करोड़पति और करोड़पति महिलाएं इस अवसर पर बातचीत करेंगी और यह अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है।

इस कार्यक्रम के उद्घाटन पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, ग्रामीण विकास मंत्री जयकुमार गोरे,आर. एम. पी. सदस्य रेखाताई महाजन साथ ही मीरा-भायंदर मनपा की महापौर डिंपल मेहता मंच पर मौजूद रहेंगी। इसके अतिरिक्त आर. एम. पी. उपाध्यक्ष डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे S R.M.P. सदस्य पोपतराव पवार और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिराम पाटिल भी मौजूद रहेंगे। यह जानकारी पत्रकार परिषद के दौरान अभिराम पाटिल, सूरज आव्हाड, हर्षद पानसे तथा सुनील जंगम ने दी!

घंटे में मिल जाएगा आराम

बिना कुल्ला किए सो जाना इस समस्या की सबसे बड़ी जड़ है। अगर आपके दांतों में भी ठंडा-गर्म लग रहा है या तेज दर्द है तो यह लेख आपके काम का है। डॉक्टरों का मानना है कि मुंह की ठीक से सफाई न होना ही बैक्टीरिया को दावत देता है।